वर्ष: 14 - अंक : 39, मुंबई, शनिवार, 30 मार्च, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## दुनिया भर के मुस्लिमों में फिलिस्तीन को लेकर
# आक्रोश



**दै.मुंबई हलचल के संपादक दिलसाद एस खान ने इजराइली प्रोडक्ट पर रोक लगाने की अपील की**

**दिलशाद एस. खान ने कहा कि अगर कोई भी मुस्लिम अपनी दुकान, होटल, रेस्टोरेंट में इजराइली प्रोडक्ट की बिक्री करता है तो वह अपने ही बच्चे का जिस्म और खंजीर बेच रहे है**

**तुर्की, नीदरलैंड के साथ कई देश ने इजरायली प्रोडक्ट पर रोक लगाने की मांग की है**

मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर

मुंबई। बता दें कि फिलिस्तीन को लेकर कई देश में इजरायली प्रोडक्ट पर रोक लगाई गई है। और अब भारत समेत दुनिया भर के मुस्लिमों को मुंबई के जाने-माने दैनिक मुंबई हलचल के संपादक और अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष दिलसाद एस खान ने इजरायली प्रोडक्ट को बेचने पर रोक लगाने का फैसला लिया है और दुनिया भर के होटल, रेस्टोरेंट, दुकानदारों को यह अपील कर रहे हैं कि कोई भी अपनी दुकानों में, होटल, रेस्टोरेंट में इजराइली प्रोडक्ट की बिक्री ना करें अगर कोई मुस्लिम इजरायली प्रोडक्ट बेचता है तो वो अपने ही बच्चे का जिस्म और खंजीर बेच रहे है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

**उम्मत का एक टूकड़ा<br>सब्र की इंतेहां से गुजर रहा है<br>और तुम कह रहे हो,<br>ईद की शॉपिंग हो गई?**



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

# आयकर नोटिस पर राहुल की चेतावनी

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने आयकर विभाग के नोटिस को लेकर बहुत तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को मिले 18 सौ करोड़ रुपए के टैक्स नोटिस को लोकतंत्र का चीरहरण बताया है और कहा है कि ऐसा करने वालों को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने चेतावनी देने के अंदाज में कहा है कि जब सरकार बदलेगी तब देख लेंगे। गौरतलब है कि टैक्स रिटर्न की गड़बड़ियों को लेकर आयकर विभाग ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी को 1,823 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस जारी किया। इसके तुरंत बाद राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए चेतावनी दी। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि निशाना आयकर विभाग है या भाजपा की केंद्र सरकार। बहरहाल, आयकर नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार को राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हिंदी में लिखे एक पोस्ट में कहा- जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हैशटैग बीजेपीटैक्सटेररिज्म के साथ यह पोस्ट लिखी। उसके बाद से ही राहुल के बयान की अलग अलग व्याख्या हो रही है और इस पर विवाद भी हो रहा है। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने टैक्स का डिमांड नोटिस वित्त वर्ष 2017-18 से 2020-21 के लिए भेजा है। इसमें जुमार्ने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के बीच एजेंसी का यह नोटिस कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। इससे पहले आयकर विभाग कांग्रेस के खाजे को सीज करके उसमें 135 करोड़ रुपए निकाल चुका है। कांग्रेस ने इसके खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया था लेकिन कोई राहत नहीं मिली है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने टैक्स गणना को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी। नोटिस मिलने के बाद कांग्रेस ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस की। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा- कल हमें आयकर विभाग से 1,823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुमार्ने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 46 सौ करोड़ रुपए की वसूली करनी चाहिए। अजय माकन ने कहा- वित्त वर्ष 2017-18 में हमारे 14 लाख रुपए के वॉयलेशन के ऊपर भाजपा का आयकर विभाग 135 करोड़ रुपए कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गया। 2017-18 में ही भाजपा को 1,297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भाजपा ने इन लोगों का सिर्फ नाम लिखा और छोड़ दिया। इसके अंदर नाम और पता दोनों जानकारी देनी होती है। माकन ने कहा- आयकर विभाग ने इस वॉयलेशन पर अपने आंख पर पट्टी लगा ली। लेकिन हमारे 23 सांसदों और विधायकों ने जो 14 लाख रुपए कैश दिए उसके बेस पर हमारे 135 करोड़ रुपए छीनकर ले गए। जबकि हमने इसमें नाम पता सब कुछ बताया।

# बैलेट पर बुलेट अब भारी नहीं, निर्भय मतदान की हनक

## अब वो दिन गए जब मतदाताओं को धमका कर वोट लिया जाता था



**बिहार।** बैलेट पर बुलेट का मतलब है, मतदान के दौरान मतदाताओं को डराना-धमकाना या हिंसा का इस्तेमाल करना। यह एक गंभीर अपराध है जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। बैलेट पर बुलेट का इस्तेमाल अक्सर मतदाताओं को किसी विशेष उम्मीदवार या पार्टी को वोट देने से रोकने के लिए किया जाता है। यह मतदाताओं के अधिकारों का हनन है और इससे लोकतंत्र कमजोर होता है। अब वो दिन गए जब मतदाताओं को धमकाना, उन्हें नुकसान पहुंचाना, उनके परिवारों को नुकसान पहुंचाने की धमकी देना या उन्हें मतदान करने से रोकने के लिए हिंसा का इस्तेमाल करना शामिल होता था। अक्सर चुनावों के दौरान ये स्थिति उत्पन्न होती है, लेकिन यह अन्य समय में भी हो सकता है, जैसे कि जनमत संग्रह या अन्य मतदान प्रक्रियाओं के दौरान भी ऐसी स्थिति आ जाया करती थी।

### यह गंभीर अपराध, मिलनी चाहिए कड़ी सजा

बैलेट पर बुलेट एक गंभीर अपराध है और इसके लिए कड़ी सजा होनी चाहिए। यह लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन है और इससे लोकतंत्र कमजोर होता है। बैलेट पर बुलेट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरूरत है ताकि मतदाताओं को बिना किसी डर या धमकी के अपने मत का इस्तेमाल करने का अधिकार मिल सके। एक समय था जब देश में बैलेट पर बुलेट भारी पड़ता था यानी बंदूक की नोक पर वोटों की पेटियों को लूटना आम बात थी। चुनाव में धांधली चरम पर थी। बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं पर नकेल अब कसने लगी है। लोकसभा चुनावों की तारीख के ऐलान के बाद पुलिस एक्शन मोड़ में आ गई है। सभी जिलों में अन्य प्रदेशों से लगने वाली सीमाओं पर 24 घंटे निगरानी वाले चैकपोस्ट स्थापित कर सीसीटीवी कैमरे से अभय कमाण्ड सेंटरों के माध्यम से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। गुंडागर्दी पर लगाम कसी जा रही है।

### निर्भय मतदान की हनक

निर्भय मतदान का मतलब है मतदाताओं को बिना किसी डर या धमकी के अपने मत का इस्तेमाल करने का अधिकार। यह लोकतंत्र का एक मूल सिद्धांत है और यह सुनिश्चित करता है कि मतदाता अपने विवेक के अनुसार मतदान कर सकें। निर्भय मतदान के लिए यह आवश्यक है कि मतदाताओं को मतदान के दौरान किसी भी तरह की धमकी या हिंसा का सामना न करना पड़े। निर्भय मतदान सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। इसमें मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बढ़ाना, मतदाताओं को मतदान के दौरान गोपनीयता प्रदान करना और बैलेट पर बुलेट के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना शामिल कर दिया गया है। निर्भय मतदान लोकतंत्र का एक अनिवार्य हिस्सा हो गया है और इसे सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**पूजा गुप्ता**
**मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)**

# भाजपा के अधिकांश टिकट दलबदलुओं को !

**नरेंद्र मोदी-अमित शाह** ने भाजपा को बदल दिया है। पार्टी दलबदलुओं की हो गई है। पार्टी के अब तक 405 उम्मीदवार घोषित हुए है। मोटा मोटी लगता है इनमें से सौ भी असली भगवा उम्मीदवार नहीं हैं। अधिकांश दलबदलू और संघ परिवार को हिकारत से देखने की बैकग्राउंड वाले हैं। संघ-भाजपा में सालों जो लोग मरे-खपे, कर्मठ क्षेत्रीय-जिला पदाधिकारी हैं वे लगभग आउट हैं। भाजपा के घोषित 405 उम्मीदवारों की सीटों के मौजूदा 291 सांसदों में से 101 भाजपाइयों के टिकट कटे हैं। सवाल है नए चेहरे कैसे हैं? ये चेहरे कौन हैं? भाजपा की जमीनी राजनीति, संगठन में मेहनत करके उभरे हुए नेता तो कतई नहीं! सभी नरेंद्र मोदी-अमित शाह द्वारा सीटवार हारने-जीतने के सर्वेक्षणों के अनुसार चयनित। और जहां नरेंद्र मोदी के चेहरे पर वोट पड़ने हैं वहां नरेंद्र मोदी द्वारा चयनित। जैसे गुजरात। चौदह नए चेहरों को टिकट मिला है। ये नरेंद्र मोदी द्वारा निजी तौर पर चुने गए वे चेहरे हैं, जिनको चुनने के बाद इन्हे सिर्फ मोदी का जयकारा लगाना है। नरेंद्र मोदी जब मुख्यमंत्री बने थे। उस समय, और उसके बाद की दो पीढ़ी के संगठन के लोग गुजरात में अब आउट हैं। मोदी-शाह की कमान में गुजरात अब उस नई पीढ़ी के भाजपाइयों की हो गई है, जिसका संगठन, आंदोलन, विचारधारा से वैसा नाता नहीं है, जैसा मोदी-शाह का प्रारंभ में हुआ करता था। अधिकांश नए मोदी द्वारा सेलेक्टेड हैं। सो, भाजपा नाम के संगठन में उम्मीदवार चयन में संगठन का रोल लगभग जीरो है। जिले से पैनल, प्रदेश से पैनल, संघ पदाधिकारियों की छंटनी और संगठन मंत्रियों जैसे राष्ट्रीय स्तर पर बीएल संतोष आदि का सन 2024 के लोकसभा उम्मीदवारों के चयन में लगभग जीरो और केवल दिखावे का रोल है। दिल्ली में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठकों के फोटोशूट खूब छपे लेकिन असलियत में लिस्ट मोदी-शाह की सर्वेक्षण टीमों की फीडबैक व अमित शाह के यहां बनी है। जिनके नाम मोदी के यहां से गए वे अपने आप लिस्ट में शामिल। फिर अमित शाह के यहां तमाम जरियों से आई सूचियों में नामों की छंटनी। और चुनाव समिति की बैठक में उन पर या तो स्वंय अमित शाह द्वारा




चर्चा करके फैसला करना या संगठन मंत्री बीएल संतोष की प्रस्तुति और ठप्पा। जेपी नड्डा, प्रदेश पदाधिकारियों, मुख्यमंत्री (जैसे योगी आदि) बैठक में बैठे जरूर दिखे लेकिन इनसे एक सलाह, एक नाम तय नहीं हुआ होगा। हां, योगी आदित्यनाथ कितना ही बड़ा चेहरा हों उनका उत्तर प्रदेश के 80 उम्मीदवारों में एक के भी चयन में हाथ नहीं है। प्रदेश सीएम, प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री सब जीरो। और सर्वेसर्वा या तो मोदी-शाह की इनहाउस सर्वेक्षण टीमें या खुद के हिसाब व पसंद-नापसंद। प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यों में महिलाओं को टिकट देने का निश्चय किया। और उन्हें कैसे ढूंढा गया? अपनी पहचान से या परिवार नेताओं के घर से। हाल के विधानसभा चुनाव में मेवाड़ राजघराने के विश्वराज सिंह विधायक नाथद्वारा से चुने गए तो उस जिले में सांसद उम्मीदवार किसे बनाएं? नरेंद्र मोदी ने उनकी पत्नी महिमा विश्वराज सिंह को राजसंमद सीट से उम्मीदवार बनवा दिया। मतलब परिवारवाद आड़े नहीं आया। भाजपा लिस्ट में केरल से ले कर हिमाचल तक पारिवारिक विरासत के चेहरे दिखलाई देंगे या फिर दलबदलू या संघ परिवार से दूर-दूर तक नाता नहीं रखने वाले निराकार चेहरे। मतलब जो कार्यकर्ता या नेता तीस-चालीस साल से संघ संगठन-भाजपा संगठन में उम्मीदवार बनने के लिए इंतजार करते हुए थे, उनकी जिला पैनल कूड़ेदानी में गई। जहां आसान जीत वहां नरेंद्र मोदी ने पुराने चेहरों को काट अनाम से नए चेहरे खड़े किए और जहां मुकाबले का माहौल वहां तमाम तरह के दलबदलुओं को टिकट। और बिहार जैसे कांटे के मुकाबले वाले राज्यों में इस चिंता में सीटिंग सांसदों को रिपीट किया गया क्योंकि नयों के जीतने की गारंटी नहीं। यही है भाजपा की उम्मीदवार लिस्ट की गाथा। उत्तर भारत में हवा वाली सीट के एक भाजपा प्रत्याशी ने ठीक कहा- मैं तो घर बैठे जीतूंगा। न पैसा खर्च करने वाला हूं और न जिले के पुराने नेताओं की लल्लो-चप्पो करनी है। मैं यह सब क्यों करूं? सही बात है। न कंगना रनौत को मेहनत करनी है और न नवीन जिंदल को। मोदी अपने आप जीता देंगे तो उम्मीदवार को बस उनकी सभा के लिए भीड़ भर पहुंचानी है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# बिना लाइसेंस के गवथी कट्टा, जिंदा कारतूस और अन्य खतरनाक हथियार रखने के आरोप में बोईसर पुलिस स्टेशन द्वारा आरोपियों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पालघर।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर पालघर के पुलिस अधीक्षक श्री बालासाहेब पाटिल ने जिले के सभी उपविभागीय पुलिस अधिकारियों और सभी पुलिस स्टेशनों के प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें अवैध गतिविधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। बोईसर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी पोनी/शिरीष पवार के अनुसार, मौजे बोईसर, दांडीपाड़ा, लोखंडीपाड़ाय के आगे, वाघारी वस्ती, चोईसर, टी.टी. जिला. गोपनीय सूचना मिली थी कि पालघर में एक आईएसएम बिना लाइसेंस के अवैध रूप से आग्नेयास्त्र और खतरनाक हथियार रखता है। प्राप्त सूचना के आधार पर श्री. बालासाहेब पाटिल, पुलिस अधीक्षक, पालघर, श्री. पंकज शिरसाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पालघर, श्री. विकास नाइक, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, बोईसर डिवीजन के मार्गदर्शन में पोनी/शिरीष पवार, प्रभारी अधिकारी, बोईसर पुलिस स्टेशन ने पौपानी/विट्ठल मणिकेरी की एक टीम का गठन किया। उक्त टीम ने दिनांक 28/03/2024 को लगभग 12.40 बजे उपरोक्त



स्थान पर छापा मारकर आरोपी दीपक सवाभाऊ पवार उम्र 55 वर्ष निवासी को गिरफ्तार कर लिया। दंडीपाड़ा से लोखंडीपादया तक वाघरी चाल, बोइसर, जिला के आगे। पालघर वाचा में उनके आवास की तलाशी के दौरान, उनके पास बिना लाइसेंस के अवैध रूप से आग्नेयास्त्र और निम्नलिखित विवरण के खतरनाक हथियार पाए गए।

1) *10,000/-रु. लोहे की बैरल, लोहे के बट और लकड़ी की नक्काशीदार पकड़ वाली देसी गाँव की पिस्तौल।*
2) *2,000/-रु. इसकी कीमत दो जीवित कारतूसों के साथ है, इसका अगला भाग ग्रे और तांबे के रंग का है, यह पीतल की ट्यूब में दिखता है। पीतल की ट्यूब के पीछे की ओर गोल भाग पर अंग्रेजी अक्षरों में बीएमएम और केएफ अंकित है।*
3) *300/-रु. कीमत लोहे का सूआ, इसमें एक लकड़ी का हैंडल 4 इंच लंबा और 1 इंच व्यास, एक लोहे का सूआ 10 इंच लंबा और 1 इंच चौड़ा होता है।*
4) *300/-रु. कीमत का एक लोहे का सुआ, इसमें एक लकड़ी का हैंडल 4 इंच लंबा और 1 इंच व्यास, एक लोहे का सुआ 10 इंच लंबा और 1 इंच चौड़ा होता है।*
5) *500/-रु. मूल्य लोहे का बड़ा कोण, इसमें 5 इंच लंबाई और 1 इंच व्यास वाला लोहे की मुट्ठी 17 इंच लंबाई और 2 इंच चौड़ाई वाला लोहे का पतला कोण है। ऐसा कुल 13,100/- रुपए कीमती 13,100/- रुपए जप्त किया गया है।*

उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा उसके विरूद्ध बोईसर पुलिस स्टेशन जी.आर.नं. ॥ 138/2024 भारतीय शस्त्र अधिनियम सी. महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1)(3)/135 के साथ धारा 3,4 और 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है. उक्त अपराध की आगे की जांच पोनी/शिरीष पवार, प्रभारी अधिकारी, बोईसर पुलिस स्टेशन के मार्गदर्शन में सफौ/सुरेश दुसाने, नामित बोईसर पुलिस स्टेशन द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही किये हैं बालासाहेब पाटिल, पुलिस अधीक्षक, पालघर, श्री. पंकज शिरसाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पालघर, श्री. विकास नाइक, उपविभागीय पुलिस अधिकारी, बोईसर डिवीजन, पोनी/शिरीष पवार, प्रभारी अधिकारी, बोईसर पुलिस स्टेशन के मार्गदर्शन में, पौपानी/विट्ठल मणिकेरी, पौपानी/सुरेश कोकाटे, सफी/सुरेश दुसाने, सफी/धवलू मोंढे, पोहवा/विजय दुबला, पोहवा/संदीप पाटिल, पोहवा/रोहिदास माडी, पोहवा/विलास माली, पोहवा/निलेश पाटिल, पोना/रमेश पालवे, पोना/योगेश गावित, पोना/प्रवीण भोईर, पोना/रामचंद्र अवाद, पोशी/देवेंद्र पाटिल, पोशी/धीरज सालुंखे, पोशी/मच्छिन्द्र घुगे, पोशी/सागर जाधव, मपोशी/सारिका डोंगरे, मपोशी/सरिता जाधव चक्कर पोशी/पराग भगत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# उत्तम जैन को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सेवादल का मुंबई प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति

**मुंबई हलचल/संवाददाता**



**मुंबई।** नेताजी सुभाष चंद्रबोस के ट्रस्टी व भारतीय मीडिया फाउंडेशन के मुंबई प्रदेश अध्यक्ष उत्तर आर जैन की सामाजिक क्षेत्रों मे कार्यो को देखते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत दादा पवार ने उत्तम जैन को राष्टवादी कांग्रेस पार्टी सेवादल का मुंबई प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की है इस नियुक्ति से मुंबई सहित तमाम स्थानों पर खुशी का माहौल है इस अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्रबोस ट्रस्ट अध्यक्ष विष्णुप्रसाद चौरसिया, सचिव विलास आंवरे, भारतीय मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक कुमार चौबे, महाराष्ट्र प्रभारी राजेंद्र वाघ, महाराष्ट्र महासचिव आशाराम गिरी, महाराष्ट्र उपाध्यक्ष सुनील तथाने जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, कलवा ब्लॉक अध्यक्ष गोविंद पटेल सहित तमाम लोगो ने बधाई दी है।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

# दुनिया भर के मुस्लिमों में फिलिस्तीन को लेकर आक्रोश

इजरायल-हमास के बीच लगातार कई महिनों से युद्ध जारी है। इस जंग के चलते मौजूदा वक्त में दुनिया के कई देश अलग-अलग धड़ में बंटे हुए हैं। कई देश इजरायली सेना के समर्थन में हैं तो कई देश हमास के लड़ाकों को सपोर्ट कर रहे हैं। इसी कड़ी में इजरायली सेना का समर्थन करने को लेकर मुंबई के जाने-माने दैनिक मुंबई हलचल के संपादक और अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष दिलसाद एस खान अपील करते हुए बता रहे हैं कि जिस तरह तुर्की ने कोका कोला और नेस्ले कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों कंपनियों के प्रोडक्ट्स को अपने रेस्तरां से हटा दिया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से



यह जानकारी दी है। इस मामले को लेकर एक बयान जारी किया गया है, जिसमें मुंबई के जाने-माने दैनिक मुंबई हलचल के संपादक और अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के महाराष्ट्र अध्यक्ष दिलसाद एस खान ने बताया है, यह फैसला लिया गया है कि इजरायल का समर्थन करने वाली कंपनियों के सामान तुर्की के संसद परिसर में रेस्टोरेंट, कैफेटेरिया और टी हाउस में नहीं बेचे जाएंगे। यह फैसला संसद अध्यक्ष ने लिया है। लेकिन कंपनियों की पहचान उजागर नहीं की गई थी। हालांकि सूत्रों ने बताया कि कोका-कोला पेय पदार्थ और नेस्ले इंस्टेंट कॉफी मेनू से हटाए गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि यह फैसला जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए लिया हुआ है। सूत्र ने रॉयटर्स को बताया, संसद अध्यक्ष का रवैया जनता के आक्रोश के प्रति उदासीन नहीं रहा है। उन्होंने संसद में कैफे और रेस्टोरेंट के मेनू से इन कंपियों के प्रोडक्ट को हटाने का निर्णय किया गया है।

# चुनाव बैलट पेपर से हों : हुसैन अहमद

**धामपुर।** मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ का तेजी से प्रयास चल रहा है की चुनाव बैलट पेपर से हो। इस चुनाव का पूरा तंत्र ही बदल दिया जाना चाहिए इसके लिए न्यायाधीश माननीय सर्वोच्च नन्यायालय एक चुनाव आयोग गठित करें जिसकी देखरेख में निष्पक्ष चुनाव और चुनाव के परिणाम घोषित हो इसमें किसी सरकार का दखल ना हो चाहे इसके लिए हमें और इंतजार करना पड़े लेकिन चुनाव निष्पक्ष होने चाहिए यही भारत का संविधान कहता है यह चुनाव 5 साल में एक बार होते हैं मौजूदा सरकार ने ईवीएम मशीन हटाने की मांग से विपक्षी और जनता का ध्यान हटाने के लिए ऐसे चुनावी समर में ईडी सीबीआई इनकम टैक्स टीम के



द्वारा देशभर में खलबली मचा रखी है जनता को ईवीएम मशीन स्वीकार्य नहीं है हर कीमत पर ईवीएम मशीन को हटाकर बैलट पेपर से ही चुनाव कराया जाए अन्यथा फिर देशवासियों के साथ धोखा होगा जो अब तक कई बार हो चुका है। हुसैन अहमद अंसारी हाजी कमाल अहमद हाजी नसीम अहमद सतीश कुमार चौधरी तेजपाल सिंह सुल्तान अहमद ठाकुर अर्जुन सिंह इंतखाब आलम मौलाना खुर्शीद सिद्दीकी हुजैफा फरीदी सोहेल इदरीसी अमित त्यागी आदि का कहना है कि जब यह चुनाव संविधान की रक्षा और देश को चलाने के लिए जनता के द्वारा सरकार चुनने के लिए कराए जाते हैं तो यह भी जरूरी है की जनता ईवीएम मशीन से चुनाव चाहती है या वैलेट पेपर से जनता की इच्छा का सम्मान होना चाहिए आज जनता और विपक्ष सुप्रीम कोर्ट के वकील शिक्षक कर चुनाव ब्लू पेपर से करने की मांग कर रहे हैं तो चुनाव बैलट पेपर से ही होने चाहिए।

# इलायची चुराने के आरोप में शख्स को नंगा कर पीटा, फिर चटवाए जूते

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना घटी है। जहां एक शख्स को इलायची चुराने के आरोप में नंगा कर बेरहमी से पीटा गया और जूते चाटवाये। इस मामले में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ एपीएमसी पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। मुंबई के करीब नवी मुंबई शहर में यह घटना बुधवार की शाम को हुई। आरोपियों ने मसाला चुराने के आरोप में एक कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई की और उसे जूते चाटने के लिए मजबूर किया। एक अधिकारी ने बताया कि पीड़ित एपीएमसी में स्थित एक कंपनी की दुकान में नौकरी करता था। एपीएमसी पुलिस के मुताबिक, मसाला बनाने वाली कंपनी के मालिक रौनक दयालजीभाई भानुशाली और उसके कर्मचारियों ने पीड़ित से मारपीट की। अधिकारी ने कहा, पीड़ित शख्स को कंपनी से इलायची चुराने के आरोप में पीटा गया, उसके कपड़े उतारे गए और आरोपी भानुशाली के जूते चाटने के लिए मजबूर किया गया। आरोपियों ने इस घटना का मोबाइल से वीडियो भी बनाया। पीड़ित पर हमला करने वाले कर्मचारियों की पहचान संजय चौधरी, लालाजी बाबूबाई पागी, वीरेंद्र कुमार लक्ष्मण गौतम, योगेश और करण के तौर पर हुई है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांगों को ध्यान में रख बनाएं इंफ्रास्ट्रक्चर: मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को इंजीनियरिंग सेवा अधिकारियों के एक समूह से किफायती ऊर्जा खपत वाला और दिव्यांगों के अनुकूल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा विकसित करने को कहा। मुर्मू ने अभियंताओं से अपने दृष्टिकोण में नवीनता लाने को भी कहा ताकि वे उभरती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकें। राष्ट्रपति अभियंताओं को संबोधित कर रही थीं।

### खाई में गिरी मेटाडोर, दो बच्चों सहित 10 घायल



**जम्मू।** जम्मू संभाग के जिला पुंछ के गांव मंगनाड में मेटाडोर खाई में गिरी। इस हादसे में 10 लोग घायल हो गए। घायलों को तुरंत राजा सुखदेव सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसा इतना भयंकर था कि मेटाडोर के परखच्चे उड़ गए। पुंछ के गांव मंगनाड में गुरुवार को एक मेटाडोर हादसे का शिकार होकर खाई में जा गिरी। इससे उसमें सवार करीब 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### सीएम भगवंत मान के घर गूंजी किलकारी



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर बेटी ने जन्म लिया है। यह जानकारी खुद उन्होंने अपने इंटरनेट अकाउंट पर शेयर करते हुए कहा है कि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। इससे पहले 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने पूरे पंजाब खुशखबरी दी थी। सीएम मान ने बताया था कि मार्च में मेरे घर खुशियां आने वाली है।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने की सुनवाई

# हाईकोर्ट ने कहा-हमें राष्ट्रपति या एलजी को मार्गदर्शन देने की कतई जरूरत नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली के कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने याचिका रद्द करते हुए स्पष्ट कहा कि हम राष्ट्रपति या एलजी को मार्गदर्शन नहीं दे सकते हैं।

एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि इस मुद्दे की जांच करना कार्यपालिका और राष्ट्रपति का काम है और कोर्ट इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि क्या न्यायिक हस्तक्षेप की कोई गुंजाइश है? हमने आज के अखबारों में पढ़ा है कि एलजी इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। फिर यह राष्ट्रपति के पास जाएगा। यह एक अलग विंग के लिए है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का मोबाइल ईडी ने जब्त कर उसका डेटा अपनी कस्टडी में ले लिया है।

**खास बातें**

- ईडी ने कहा केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे
- घोटाले के कई आरोपियों के डिजिटल डेटा लेना बाकी




### ईडी के सामने पेश नहीं हुई महुआ

तृणमूल कांग्रेस की नेता महुआ मोइत्रा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को नजरअंदाज करते हुए ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश नहीं हुई। उन्होंने कहा कि कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार में व्यस्त होने के कारण पूछताछ के लिए उपस्थित होना संभव नहीं होगा।बता दें कि ईडी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए मोइत्रा और दुबई स्थित व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी को नया समन जारी किया था।

### सीएम पद से हटाने के लिए कानून नहीं

पीठ ने कहा कि आप हमें कुछ ऐसे कारण बताएं जो उन्हें सीएम बनने से रोकता है। यदि कोई संवैधानिक विफलता है तो राष्ट्रपति या राज्यपाल उस पर कार्रवाई करेंगे। इसमें कुछ समय लग सकता है, लेकिन मुझे यकीन है कि वे इस पर निर्णय लेंगे। आज की स्थिति कुछ ऐसी है जिसकी कल्पना नहीं की गई थी। आज कोई कानूनी रोक नहीं है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह राजनीति में नहीं आएगी और अंततः जनता ही इन मुद्दों पर फैसला करेगी। कोर्ट ने साफ कहा कि हमें इस राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। राजनीतिक दल इसको देखें। वे जनता के सामने जाएंगे।

### केजरीवाल की पत्नी सुनीता के फोन का डेटा जब्त किया

ईडी की ओर से कोर्ट के सामने रखे गए तथ्यों में यह भी सामने आया कि जांच एजेंसी ने उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल का फोन भी जब्त किया है।



ईडी ने केजरीवाल की रिमांड बढ़ाने की मांगते करते हुए कहा कि अभी कुछ और आरोपियों से उनका आमना-सामना करना है। जांच एजेंसी ने यह भी आरोप लगाया कि केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। कहा गया कि वह अपने फोन का पासवर्ड नहीं बता रहे हैं। ईडी ने कहा, 'एक मोबाइल (गिरफ्तार किए गए शख्स की पत्नी) फोन का डेटा निकाल लिया गया है और इसका विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि, 4 अन्य डिजिटल डिवाइसेज (जो गिरफ्तार किए गए व्यक्ति से जुड़े हैं)। का डेटा निकाला जाना बाकी है।

## स्कूटी पर अभद्रता व स्टंट करना पड़ा भारी

# पहले 33 हजार रु. का चालान कटा, फिर 47500 का जुर्माना

मुंबई हलचल / नोएडा



नोएडा ट्रैफिक पुलिस ने तीन लोगों पर 47,500 रुपए का जुर्माना लगाया है। दरअसल, इनका स्कूटी चलाने का एक वीडियो होली के दिन वायरल हुआ था। पुलिस द्वारा बुधवार को यह जानकारी दी गई। इतना ही नहीं लोकल पुलिस ने तीनों के खिलाफ एक एफआईआर भी दर्ज की है। बता दें कि ट्रैफिक पुलिस ने पहले स्कूटर चालक पर 33,000 रुपए का फाइन लगाया था। यह फाइन उनके पहले वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लगाया गया था। इंटरनेट यूजर्स ने इस वीडियो को सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता करने वाला बताया था। यह वीडियो 25 मार्च को सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने एक अन्य वीडियो का संज्ञान लिया, जिसमें एक लड़की और एक लड़के को शहर की सड़क पर बिना हेलमेट के स्कूटर चलाते देखा गया था।

### अश्लील हरकतें करते दिखे

इस बीच, एक स्थानीय उप-निरीक्षक की शिकायत के आधार पर तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ नोएडा के सेक्टर 113 पुलिस स्टेशन में मंगलवार को एक एफआईआर भी दर्ज की गई। एफआईआर में तीनों के खिलाफ आरोप में कहा गया है, लड़का लापरवाही से स्कूटर चला रहा था, जबकि लड़कियां अश्लील हरकतें कर उसका वीडियो बना रही थीं, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर शेयर किया गया।

# एक्टर समेत 600 लोगों को चूना लगाने वाला सीए

## अंबर दलाल गिरफ्तार, ठगे 380 करोड़ रुपये

**मुंबई।** अभिनेता अन्नू कपूर समेत सैकड़ों लोगो के करोड़ों रुपए लेकर भागने वाला इन्वेस्टमेंट कंसल्टेंट अंबर दलाल आखिरकार मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने उसे गुरुवार रात को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया। दो हफ्ते की मशक्कत के बाद पुलिस को अंबर दलाल के देहरादून जिले के ऋषिकेश में होने का पता चला। जहां से उसे कल दबोच लिया गया। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट अंबर दलाल 14 मार्च से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस से बचने के लिए वह होटल बदल-बदल कर छिप रहा था। इन्वेस्टेमेंट एडवाइजर बनकर अंबर दलाल ने एक्टर अन्नू कपूर समेत करीब 600 लोगों को 380 करोड़ रुपये का चूना लगाया है। आरोप है कि उसने कथित पोंजी स्कीम के जरिये लोगों से धोखाधड़ी की। पीड़ित निवेशकों की शिकायत के आधार



पर दलाल के खिलाफ 15 मार्च को मुंबई में प्राथमिकी दर्ज की गई। तब से ही पुलिस उसे ढूंढ़ रही थी। मुंबई के अंधेरी इलाके में किराये की जगह पर कार्यालय चलाने वाला अंबर 14 मार्च को अचानक कार्यालय बंद कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने लोगों को उनकी पूंजी सुरक्षित रखने की कानूनी गारंटी के साथ हर महीने दो फीसदी लाभ देने का लालच दिया था।

**विदेश के भी निवेशक**

उसके पोंजी स्कीम में लोग 15 साल से भी ज्यादा समय से निवेश कर रहे थे। उसने निवेशकों से अंतरराष्ट्रीय ब्रोकर के साथ खुद के रजिस्टर्ड होने का भी दावा किया था। उसके यहां अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, चीन और दुबई के लोग भी पैसा लगाते थे। ठगी के मामले का पदार्फाश तब हुआ जब निवेशकों को इस महीने का पैसा नहीं मिला और अंबर दलाल के परिवार ने ही उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज करवाई।

# एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग को मिली नाम बदलने की अनुमति

मुंबई हलचल / नई दिल्ली




एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है।

एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें सभी कर्जदेने वाले कारोबार को एक परिचालन वाली एनबीएफसी के तहत रखा गया है।

- नाम बदलकर अब एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड किया
- कंपनी एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है

### नया नाम प्रभावी हो गया

रॉय ने कहा, 'नाम परिवर्तन सीधे तौर पर हमारे ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने और सतत वृद्धि को आगे बढ़ाने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।' कंपनी ने दिसंबर, 2023 में अपनी अनुषंगी कंपनियों- एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इन्फ्रा क्रेडिट और एलएंडटी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी का विलय सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। नया नाम एलएंडटी फाइनेंस 28 मार्च, 2024 से प्रभावी हो गया है।

# अप्रैल-जून तिमाही के लिए ब्याज दरों में बदलाव नहीं

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सरकार ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी।' सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी।

## 2 की मौत, 14 लोग गंभीर रूप से घायल

# बेलगाम ट्रक 15 से ज्यादा लोगों को रौंदता चला गया

मुंबई हलचल / शामली



शामली में थानाभवन कस्बे के शामली बस स्टैंड पर बृहस्पतिवार दोपहर को अनियंत्रित हुए ट्रक से कुचलकर दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो महिला समेत 14 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है, जहां से उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। हादसे के दौरान मौके पर अफरा-तफरी व चीख पुकार मच गई। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ जमा होने से जाम लगा रहा। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।बताया गया कि करीब दो बजे दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर कस्बे में शामली बस स्टैंड के निकट शामली की तरफ से आ रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित हो गया। ट्रक सड़क किनारे खड़ी कार से टकरा गया। इसके बाद ट्रक वहां खड़ी फलों व जूस की ठेली, ई-रिक्शा, थ्री व्हीलर आदि को रौंदता हुआ नाले की पटरी से टकराकर रुका। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में चीख पुकार मच गई।

## रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर शेयर की जानकारी

# मेक इन इंडिया वाला अद्भुत ट्रैक सिस्टम इंजीनियरिंग की मिसाल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पूरे देश में मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर काफी दिलचस्पी है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर बड़ा अपडेट दिया है। मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए देश में पहली बार एक विशिष्ट ट्रैक सिस्टम यानी जे स्लेब ब्लास्टलैस ट्रेक सिस्टम प्रयोग में लाया जा रहा है।

रेल मंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। बुलेट ट्रेन के लिए बन रहे देश के पहला बलास्टलैस (गिट्टी रहित) ट्रैक पर 320 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन दौड़ सकेगी। 153 किलोमीटर वायाडक्ट और 295.5 किमी के साथ इस ट्रैक के बनने में महत्वपूर्ण प्रोग्रेस हुई है। अश्विनी वैष्णव ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में जानकारी दी गई है कि प्री-कास्ट आरसी ट्रैक स्लैब का निर्माण देश में ही दो जगहों पर किया जा रहा है।

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन के लिए देश में पहली बार एक विशिष्ट ट्रैक सिस्टम प्रयोग में लाया जा रहा है।

- मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर तेजी से काम हो रहा है

### वीडियो में दिखाया स्पेशल ट्रैक सिस्टम का इस्तेमाल




अश्विनी वैष्णव

**पहले भी दी थी जानकारी**

इससे पहले मंगलवार यानी 26 मार्च को वैष्णव ने जानकारी दी थी कि भारतीय रेलवे की योजना ज्यादा से ज्याा सुरक्षा उपायों को बनाए रखने के लिए एनीमोमीटर इंस्टॉल करने की योजना बना रही है। एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, प्रोजेक्ट के लिए उच्चतम सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करते हुए, गुजरात और महाराष्ट्र में 14 स्थानों पर एनीमोमीटर्स इंस्टॉल किए जाएंगे।'

### क्या है जे-स्लैब ब्लास्टलेस ट्रैक सिस्टम

जे-स्लैब ब्लास्टलैस ट्रैक सिस्टम के मुख्यतः चार भाग हैं। वायाडक्ट के ऊपर आरसी ट्रेक बेड,सीमेंट एसफाल्ट मोर्टर, प्रीकॉस्ट ट्रेक स्लैब और रेल फास्टनर्स सहित,जे-स्लैब बलास्टलेस ट्रैक सिस्टम में एक प्री-कास्ट ट्रैक स्लैब होता है जिस पर फास्टनिंग डिवाइसेज और रेल इंस्टॉल की जाती है। यह स्लैब आरसी ट्रैक बेड पर होती है। इस स्लैप की मोटाई करीब 300 एमएम रहती है और इसे वायाडक्ट टॉप पर इंडिविजुअल अप और डाउन ट्रैक लाइन पर बनाया जाता है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




## महत्वपूर्ण घोषणा

दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड की ओर से 'ग्रीष्मा' फिल्म के आडिशन दिनांक 6 और 7 अप्रैल को देहरादून में होने जा रहे हैं। जिसमें मुख्य कलाकार संजय मिश्रा, दर्शिल सफारी, मिसाल नारंग, अंशुमान पुष्कर, हितेन तेजानी, निखत खान, ज्योति सुभाष, नीरा कुलकर्णी और सतीश पुलेकर हैं। 'ग्रीष्मा' कि लांच पार्टी के लिये आमिर खान को भी निमंत्रण भेजा जा चुका है, जिसमें उनके आने कि पुरी उम्मीद है। जो भी कलाकार इस फिल्म में काम करना चाहते हैं वो सभी आडिशन मे जरूर भाग लें। जो लोग एक्टिंग सीखना चाहते हैं, वो भी दून बॉलिवुड एक्टिंग स्कूल & फिल्म वर्ल्ड में सम्पर्क कर सकते हैं।

# उत्तराखंड की जेलों में बंद चार खूंखार कैदियों ने बढ़ाई पुलिस की टेंशन

## विभाग ने जारी किए निर्देश



**देहरादून।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने प्रदेश की जेलों में बंद खूंखार कैदियों की निगरानी बढ़ा दी है। कैदियों के साथ-साथ उनसे मिलने व संपर्क करने वालों पर भी पुलिस कड़ी नजर बनाए हुए है। पुलिस की मानें तो अब तक इन कैदियों की चुनावों के दौरान कोई संदिग्ध गतिविधियां सामने नहीं आई, लेकिन फिर भी कैदियों पर नजर रखी जा रही है। चुनाव के दौरान पुलिस की ओर से हिस्ट्रीशीटरों के साथ-साथ जेलों में बंद खूंखार की निगरानी बढ़ा दी जाती है। पुलिस विभाग की ओर से उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के साथ-साथ जेल प्रशासन को खूंखार कैदियों पर नजर रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। उत्तराखंड की जेलों में मौजूदा समय में कुख्यात सुनील राठी, प्रवीण वाल्मीकि, नरेंद्र वाल्मीकि व प्रकाश पांडेय बंद हैं। इन कैदियों के जेल में रहकर अपराध करवाने के मामले सामने आए हैं। कैदी जेल में बैठकर चुनाव कोई षड़यंत्र तो नहीं रच रहे, इसको लेकर इन पर नजर रखी जा रही है। मौजूदा समय में सबसे अधिक कुख्यात हरिद्वार, पौड़ी व अल्मोड़ा जेलों में बंद हैं। ऐसे में पुलिस विभाग की ओर इन कैदियों पर खास नजर बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जेल प्रशासन की ओर से इन दिनों मुलाकातियों पर नजर बनाने के साथ-साथ बैरकों की भी चेकिंग की जा रही है। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड की जेलों में बंद कुख्यात कैदियों की निगरानी बढ़ाई गई है, हालांकि इन कैदियों की ओर से अब तक चुनावों में कोई अपराधिक भूमिका सामने नहीं आई है। फिर भी चुनाव के मद्देनजर कुख्यात कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर ने लगाया अनुमान

# वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत पर आने का अनुमान : रिपोर्ट

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अगले वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.5-2.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक इसमें सुधार होगा और बैंकिंग प्रणाली का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत रह जाएगा।

## कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात घटा



क्षेत्रीय दृष्टिकोण से, कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात मार्च, 2020 में दर्ज 10.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर, 2023 में घटकर सात प्रतिशत पर आ गया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र ने मार्च 2020 में 14.1 प्रतिशत के मुकाबले सितंबर, 2023 में 4.2 प्रतिशत जीएनपीए अनुपात दर्ज किया। यह मार्च, 2018 में 22.8 प्रतिशत था।

## बैंकों के एनपीए की पहचान की गई




रिपोर्ट के अनुसार, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण वित्त वर्ष 20213-14 में जीएनपीए 3.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2017-2018 में 11.2 प्रतिशत हो गया, जिसने बैंकों को एनपीए को पहचानने और अनावश्यक पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया।

- **वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.7 फीसदी रहने की संभावना**
- **वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक बैंकिंग एनपीए में सुधार आएगा**

***खराब कर्ज बट्टे खाते में डालने से गुणवत्ता सुधरी :*** *इसमें कहा गया कि जीएनपीए में वित्त वर्ष 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में यह एक दशक के निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गया। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में यह तीन प्रतिशत था। खराब कर्ज की वसूली, बैंकों द्वारा अधिक खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने की वजह से परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।*

## सरकार की सकल देनदारियां बढ़ी

सरकार की कुल देनदारी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में मामूली बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपये रही। यह सितंबर के अंत में 157.84 लाख करोड़ रुपये थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के अनुसार, तिमाही आधार पर कुल देनदारी में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## सार्वजनिक ऋण सकल देनदारियों का 90 फीसदी

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'तिमाही के दौरान, घरेलू बॉन्ड पर प्रतिफल शुरू में बढ़ा लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अक्टूबर और नवंबर के लिए उम्मीद से कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और भारतीय सरकारी बॉन्ड (आईजीबी) के वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में शामिल होने की संभावना की खबर से इसमें नरमी आई।'

## बांड की राशि हर साल चुकानी होगी

अगले पांच साल में परिपक्व होने वाला बांड दिसंबर, 2023 के अंत में कुल बकाया ऋण का 25.9 प्रतिशत हो गया। यह औसतन बकाये का 5.2 प्रतिशत है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में हर साल 5.2 प्रतिशत चुकाने की जरूरत होगी।

***दीर्घकालिक निवेशकों की मांग पूरी करनी होगी :*** *इसके अलावा, दीर्घकालिक निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए 50 साल की काफी लंबी अवधि वाली सरकारी प्रतिभूति पेश की गयी। दूसरी ओर, तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी पर रिटर्न अस्थिर रहा। इसका कारण मुख्य रूप से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम, मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़े थे।*

***परिपक्क होने वाली देनदारियां 4.1 फीसदी :*** *एक वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों (दिनांकित प्रतिभूतियों) का अनुपात दिसंबर, 2023 के अंत में 4.1 प्रतिशत (सितंबर 2023 के अंत में 4.6 प्रतिशत) रहा। दिसंबर, 2023 के अंत में एक से पांच साल के भीतर परिपक्व होने वाले प्रतिभूतियों का अनुपात 21.8 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2023 के अंत के 23 प्रतिशत से कम है।*

# देहरादून में कैब से सप्लाई कर रहे थे प्रतिबंधित दवाइयां

**देहरादून।** कैब से प्रतिबंधित कैप्सूल व टेबलेट सप्लाई करने वाले तीन आरोपितों को क्लेमेनटाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 95 हजार रुपये नकदी भी बरामद की गई है। आरोपित छुटमुलपुर सहारनपुर से प्रतिबंधित कैप्सूल व टेबलेट लाकर देहरादून के शिक्षण संस्थानों में सप्लाई करते थे। तीनों को कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी अंतरराज्यीय, अंतरजनपदीय सीमाओं और आंतरिक बैरियरों पर चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। क्लेमेनटाउन थाना पुलिस आशारोड़ी बैरियर पर वाहनों की चेकिंग की रही थी। इसी दौरान शक के आधार पर एक कैब को रोककर चेकिंग की गई तो उसमें से 384 प्रतिबंधित कैप्सूल और 390 टेबलेट बरामद हुए। चेकिंग के दौरान कार की डेशबोर्ड से 90 हजार रुपये नकदी भी बरामद हुई। पुलिस ने घटनास्थल से अकरम अली निवासी आर्केडिया ग्रांट बनियावाला गोरखपुर, पटेल नगर, आमिर खान निवासी मरकाम ग्रांट तेलीवाला, डोईवाला और शौकीन निवासी आर्केडिया ग्रांट बनियावाला पटेलनगर के रूप में हुई है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# मीडियावार्ता न्यूज द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज पुरस्कार समारोह मुंबई में संपन्न

**सांताक्रुज वाकोला वेलफेयर एसोसिएशन में आयोजित इस समारंभ में देशभर के मान्यवरों की रही उपस्थिती**

## दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एल. खान सहित कई हस्तियों को किया गया सम्मानित





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मीडिया वार्ता न्यूज द्वारा आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज पुरस्कार मुंबई के दिमाख में आयोजित किया गया। आरपीआई मुंबई क्षेत्रीय अध्यक्ष मा. सिद्धार्थ कसारे, आरपीआई महासचिव माननीय विवेक पवार, आरपीआई अध्यक्ष श्री. साधु कटके, टाइगर ग्रुप के मा. संजय खंडागले, प्रसिद्ध समाज सेविका माधुरी टेकाम, दैनिक मुंबई हलचल के संस्थापक व संपादक दिलशाद एल. खान, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ संस्था के अध्यक्ष मा. अजय एल दूबे, लकी केयर चैरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष रूपल सिंह और रियलिटी क्वार्टर के संस्थापक पवन सिंह चौहान आदि मान्यवर मुख्य अतिथी के रूप में उपस्थित रहे। सांताक्रूज में वकोला वेलफेयर एसोसिएशन में आयोजित समारोह में राज्य भर से आए उन समाजसेवकों को सम्मानित किया गया जो सामाजिक, सांस्कृतिक, चिकित्सा, कला, खेल, प्रशासनिक क्षेत्रों में समाज के लिये एक अपने कार्य से रोल मॉडल बन गए हैं। संस्थापक की आयु भागुराम सावंत और सह-संपादक मनोज खोबरागड़े द्वारा परिकल्पित, पुरस्कार के दूसरे वर्ष में महाराष्ट्र के सभी कोनों से गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। शिव छत्रपति जयंती के अवसर पर कुछ गणमान्य व्यक्तियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में ज्ञानवर्धक भाषण दिया, जबकि कुछ गणमान्य व्यक्तियों ने सुंदर कविताएँ सुनाईं। विदर्भ, पश्चिम महाराष्ट्र, कोंकण, मराठवाड़ा आदि क्षेत्रों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में दर्शकों को जानकारी दी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ावो संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. मनोज दुबे ने छत्रपती शिवाजी महाराज की महिला सुरक्षा नीति के बारे में जानकारी देकर दर्शकों का मार्गदर्शन किया। समारोह की शुरूआत में कलिना डांस ग्रुप ने शिवाजी महाराज, बाबासाहेब अंबेडकर और मराठी लोक गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। इस अवसर पर मीडिया न्यूज ग्रुप के संस्थापक भागूराम सावंत ने गणमान्य अतिथियों एवं समाजसेवियों का स्वागत करते हुए कहा कि दैनिक समाचार पत्रों एवं डिजिटल न्यूज पोर्टल के माध्यम से महाराष्ट्र के कोने-कोने तक पहुंचे हमारे प्रतिनिधि पत्रकारीय जिम्मेदारी का भान रखते हुए समाज के लिए ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। हम मीडिया समाचार के पाठकों को आश्वस्त करते हैं कि हम ऐसे ईमानदार प्रयास करते रहेंगे। आज हमें उन समाजसेवियों को सम्मानित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो समाज की सेवा के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम हर साल उत्साह के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन करेंगे और महाराष्ट्र के कोने-कोने से आए समाजसेवियों का सम्मान करेंगे। में आरपीआई कलिना विधानसभा टीम के लिये मा. श्रावण मोरे, मा. विजय सकपाळ,मा. शशिकांत कानाडे, मा. दयानंद सावंत, मा. यादव आदी गुनिजनोंका भी विशेष धन्यवाद देता हु जिन्होंने इस समारोह के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह हमारे मीडिया वार्ता न्यूज के लिए बहुत ही गर्व की बात है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज पुरस्कार जैसे सामाजिक कार्यों के माध्यम से हमे उपस्थित समाजसेवकों का सन्मान करणे का मौका मिला, ऐसा मीडिया वार्ता के वरिष्ठ रिपोर्टर और कार्यक्रम के समन्वयक संतोष मोरे ने कार्यक्रम का समापन के दौरान किया। उक्त समारोह को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने में मा. सचिन पवार, मा. संतोष मोरे, मा. मनोज खोबरागड़े, मा. तृषा राऊत, मा श्री. संदेश सालुंके का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।







दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# बोनी और अनिल कपूर के रिश्ते में आई दरार



**67 साल** के अनिल कपूर आज भी बॉलीवुड में एक्टिव हैं। और अपनी फिटनेस और लुक से युवा एक्टर को टक्कर दे रहे हैं। जबकि बोनी कपूर एक बड़े फिल्ममेकर हैं। अनिल कपूर और बोनी कपूर के बीच भाई का रिस्ता है। दोनों ने एक साथ कई फिल्मों में काम किया है। जब बोनी कपूर ने 2005 में 'नो एंट्री' फिल्म बनाई थी, उसमें भी अनिल कपूर की अहम भूमिका थी। अनिल के अलावा इस फिल्म में सलमान खान, फरदीन खान, ईशा देओल, लारा दत्ता, बिपासा बसु और सेलिना जेटली शामिल थीं। अब इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है, जिसकी कास्टिंग को लेकर अनिल कपूर अपने भाई बोनी कपूर से नाराज हैं। बोनी कपूर ने खुद ये बात बताई है। बता दें कि मूवी 'नो एंट्री' के सीक्वल की कास्टिंग हो गई चुकी है। लेकिन वो ऑनलाइन लीक हो गई, जिसके बाद से ही अनिल अपने भाई बोनी कपूर से नाराज हैं। बोनी कपूर ने कहा कि अनिल कपूर 'नो एंट्री' के सीक्वल का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन इसमें स्पेस नहीं है, इसलिए मैंने उन्हें नहीं लिया। लेकिन 'नो एंट्री' के सीक्वल और इसमें एक्टर, एक्ट्रेस के बारे में मैं अनिल कपूर को कुछ बता पाता उससे पहले ही खबर लीक हो गई। जिसकी वजह से अनिल मुझसे नाराज हैं और अभी तक बात नहीं कर रहें।

# विजय देवरकोंडा की वजह से विक्की कौशल को प्रोजेक्ट से किया गया आउट





**विक्की कौशल** अब तक बड़े पर्दे पर एक से एक शानदार फिल्में देते आए हैं। उनकी परफॉरमेंस कुछ ऐसी होती है कि किसी की भी नजरें उनसे हट नहीं पाती। विक्की कौशल में कुछ तो खास है कि लोग उन्हें इतना पसंद करते हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुनकर उन्हें मायूसी होगी। दरअसल, खबर है कि विक्की कौशल एक बड़े प्रोजेक्ट में दिखाई देने वाले थे लेकिन अचानक ही उन्हें इस प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। दरअसल, विक्की कौशल को एक कोल्ड ड्रिंक ब्रांड के प्रमोशन के लिए साइन किया गया था, जिसे पहले शाहरुख खान भी प्रमोट करते थे। इस एंडोर्समेंट की शूटिंग शुरू हो चुकी थी और विक्की कौशल अपने हिस्से के कुछ शूट भी कर चुके थे लेकिन ब्रांड मालिकों ने बाद में उनका हिस्सा हटा दिया गया और ब्रांड के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट कैंसिल कर दिया। विक्की की जगह उसी ब्रांड के लिए अब विजय देवरकोंडा को साइन कर लिया गया है। अब विजय देवरकोंडा को उस कंपनी का ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। हालांकि, रिपोर्ट्स का कहना है कि विक्की को भी पता नहीं था कि विजय ने उन्हें रिप्लेस कर दिया है। साथ ही रिपोर्ट्स का कहना है कि विजय ने इस एंडोर्समेंट के लिए भारी-भरकम रकम वसूली है।

# इब्राहिम की मूवी में हुई काजोल

**बॉलीवुड** की दिग्गज एक्ट्रेस काजोल एक बार फिर फिल्मी दुनिया में अपनी वापसी करने जा रही हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपनी आगामी फिल्म सलाम वेंकी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। सलाम वेंकी की रिलीज से पहले ही काजोल के हाथ एक ओर बिग बजट फिल्म लग गई है। इस फिल्म के साथ काजोल पूरे 13 साल बाद अपने बेस्ट फ्रेंड करण जौहर के साथ काम करने जा रही हैं। करण और काजोल काफी पुराने दोस्त है और आज भी उनकी बॉन्डिंग वैसे ही बरकरार है। खबर के मुताबिक, करण जौहर की अनटाइटल फिल्म में काजोल की एंट्री हो गई है। इसी के साथ खास बात ये है कि इस फिल्म से सैफ अली खान के लाडले इब्राहिम अली खान अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाले हैं। इब्राहिम स्टारर फिल्म में एक्ट्रेस काजोल अहम रोल में दिखाई देंगी। काजोल ने इब्राहिम के पापा यानि एक्टर सैफ अली खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। ऐसे में अब काजोल का इब्राहिम की डेब्यू फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं जिसे जानने के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहने वाला है। इस अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन बोमन ईरानी के बेटे कायोज ईरानी करेंगे, जो करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स तले बन रही है। काजोल के रोल की बात करें तो खबरों के मुताबिक इस फिल्म में एक्ट्रेस एक ऐसी महिला का रोल अदा करने वाली है जो इमोशनली काफी स्ट्रान्ग हैं।